कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम-शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788-2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग दिनांक : 06/03/2025

// प्रेस विज्ञप्ति//

ईस्ट जोन विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में कन्या महाविद्यालय दुर्ग के चार खिलाड़ियों का चयन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के चार क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन ईस्ट जोन अंतर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में हुआ। ये खिलाड़ी हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की ओर से किट्स विश्वविद्यालय, भुनेश्वर द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में दिनांक 09 मार्च से 13 मार्च 2025 तक हिस्सा लेंगें।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को शुभकामनायें एवं बधाई दी एवं खिलाड़ियों को जीतने के लिए प्रोत्साहित किया।

महाविद्यालय की क्रीड़ाधिकारी, डॉ. ऋतु दुबे ने बताया कि यह प्रतियोगिता नॉकआउट आधार पर खेली जायेगी, चयनित खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है- कु. मोनिका, मानसी सिंह, ईशा त्रिपाठी, जागृति कुमेटी। मानसी सिंह एवं मोनिका छत्तीगढ़ क्रिकेट एसोसियेशन (CSCS) प्रतियोगिता में हिस्सा लेती है एवं दोनों ही खिलाड़ी महिला टी-20 प्रतियोगिता में हिस्सा ले चुकी है।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल, क्रीड़ा समिति के संयोजिका डॉ. सुषमा यादव, डॉ. लता मेश्राम एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनायें दी।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)